No.14013/02/2021/CFT
Government of India
Ministry of Home Affairs
(CTCR Division/CFT Cell)

*****

Kartavya Bhawan-3, New Delhi.
Dated: 8th July, 2026.

To,

The Nodal Officers all States/Union Territories and Agencies.
(Under the UAPA,1967)

Subject: Designation of 23 individuals under clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act,1967 and listed in the Fourth Schedule of the Act-reg.

Sir/Madam,

Kindly refer to the Gazette Notification No. S.O. 3623(E) to 3645 (E) dated 04th July, 2026 (Copies enclosed) in respect of 23 individuals which have been declared as "Terrorist" and has been listed in the Fourth Schedule of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967. The copies of Gazette Notification are being forwarded in pursuance of the instructions contained in this Ministry's Order dated 02.02.2021, as amended, regarding the procedure for implementation of Section 51A of the Unlawful Activities (Prevention) Act,1967 for kind information and necessary action please.

2. This issues with the approval of Competent Authority.

Yours faithfully,

8/7/2026

(Mrutunjaya Atibudhi)
Under Secretary to the Govt. of India
Tele:011-24010205

Encl: As above.

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-04072026-274093
CG-DL-E-04072026-274093

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3486] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 4, 2026/आषाढ 13, 1948
No. 3486] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 4, 2026/ASHADHA 13, 1948

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3623(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में सम्मिलित है;

और, 'मसूद इलियास कश्मीरी' उर्फ़ 'मुफ्ती मसूद इलियास' उर्फ़ 'मसूद इलियास' उर्फ़ 'अबु मोहम्मद' उर्फ़ 'एम. मसूद इलियास', पुत्र सरदार मोहम्मद इलियास खान, आयु- 41 वर्ष (लगभग), जिसका वर्तमान पता रावलकोट, जिला पुंछ का वह भाग जो इस समय पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में है, जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 6 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त 'मसूद इलियास कश्मीरी' उर्फ़ 'मुफ्ती मसूद इलियास' उर्फ़ 'मसूद इलियास' उर्फ़ 'अबु मोहम्मद' उर्फ़ 'एम. मसूद इलियास' देश में आतंकी क्रियाकलाप कार्यान्वयित करने के आशय से, हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने और

सोशल मीडिया एवं अन्य ऑनलाइन कूटबद्ध एप्लीकेशनों द्वारा युवाओं को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद में भर्ती कराने सहित व्यापक आतंकी क्रियाकलापों को अंजाम देने में सम्मिलित है;

और, उक्त 'मसूद इलियास कश्मीरी' उर्फ़ 'मुफ्ती मसूद इलियास' उर्फ़ 'मसूद इलियास' उर्फ़ 'अबु मोहम्मद' उर्फ़ 'एम. मसूद इलियास' विभिन्न आतंकी हमलों में भी सम्मिलित रह चुका है और इन आतंकी घटनाओं में कई व्यक्तियों की मृत्यु और घायल करने के लिए उत्तरदायी है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि 'मसूद इलियास कश्मीरी' उर्फ़ 'मुफ्ती मसूद इलियास' उर्फ़ 'मसूद इलियास' उर्फ़ 'अबु मोहम्मद' उर्फ़ 'एम. मसूद इलियास' आतंकवाद में सम्मिलित है और उक्त 'मसूद इलियास कश्मीरी' उर्फ़ 'मुफ्ती मसूद इलियास' उर्फ़ 'मसूद इलियास' उर्फ़ 'अबु मोहम्मद' उर्फ़ 'एम. मसूद इलियास' को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में जोड़ा जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 57 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्त: स्थापित की जाएगी, अर्थात:

"58. मसूद इलियास कश्मीरी उर्फ़ मुफ्ती मसूद इलियास उर्फ़ मसूद इलियास उर्फ़ अबु मोहम्मद उर्फ़ एम. मसूद इलियास"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

## MINISTRY OF HOME AFFAIRS

## NOTIFICATION

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3623(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Masood Ilyas Kashmiri @ Mufti Masood Ilyas @ Masood Ilyas @ Abu Mohammad @ M. Masood Ilyas son of Sardar Mohammad Ilyas Khan, 41 years of age (approx.) having present residence at Rawalkot, a part of district Poonch, which is currently in Pakistan Occupied Jammu and Kashmir, belongs to Jaish-E-Mohammed and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 6;

And, whereas, the said Masood Ilyas Kashmiri is a senior Jaish-E-Mohammed functionary and is involved in carrying out a wide range of terrorist activities against the country including recruiting youth in the terrorist organization, Jaish-E-Mohammed, imparting training to them and then facilitating the infiltration of the terrorists into the country;

And, whereas, the said Masood Ilyas Kashmiri is involved in the attack by the terrorists of Jaish-E-Mohammed on the security forces at Sunjwan, Jammu on 22nd April, 2022;

And, whereas, the said Masood Ilyas Kashmiri has also been involved in various terror attacks and responsible for causing death and injuries to a number of persons in these terror incidents;

And, whereas, the Central Government believes that Masood Ilyas Kashmiri @ Mufti Masood Ilyas @ Masood Ilyas @ Abu Mohammad @ M. Masood Ilyas is involved in terrorism and the said Masood Ilyas Kashmiri @ Mufti Masood Ilyas @ Masood Ilyas @ Abu Mohammad @ M. Masood Ilyas is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 57 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"58. Masood Ilyas Kashmiri @ Mufti Masood Ilyas @ Masood Ilyas @ Abu Mohammad @ M. Masood Ilyas."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3624(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में सम्मिलित है;

और, 'मोहम्मद मुसादिक' उर्फ़ 'डॉक्टर' उर्फ़ 'अब्दुल मनन' उर्फ़ 'सज्जाद' उर्फ़ 'हमज़ा' उर्फ़ 'वाहिद ख़ान' पुत्र मुहम्मद नवाज़, आयु- 38 वर्ष (लगभग) जिसका वर्तमान पता शकरगढ़, जिला नरोवल, पाकिस्तान है, जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 6 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त 'मोहम्मद मुसादिक' जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादियों की घुसपैठ के जैश-ए-मोहम्मद के मुख्य संचालकों में से एक है और तारीख 22.04.2022 को सुन्जवान, जम्मू में सुरक्षा बलों पर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी द्वारा किए गए हमले में सम्मिलित पाया गया है;

और, उक्त 'मोहम्मद मुसादिक' देश के विरुद्ध आतंकवादी क्रियाकलापों की एक विस्तृत शृंखला को अंजाम देने में सम्मिलित है, जिसमें सीमा पर से ड्रोन के माध्यम से हथियार, गोला-बारूद की आपूर्ति, जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमलों की योजना बनाना और आतंकवादी क्रियाकलापों के क्षेत्रों को और व्यापक बनाना सम्मिलित है, जो आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद में युवाओं की भर्ती के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का उपयोग करते हैं;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि 'मोहम्मद मुसादिक' उर्फ़ 'डॉक्टर' उर्फ़ 'अब्दुल मनन' उर्फ़ 'सज्जाद' उर्फ़ 'हमज़ा' उर्फ़ 'वाहिद ख़ान' आतंकवाद में सम्मिलित है और उक्त 'मोहम्मद मुसादिक' उर्फ़ 'डॉक्टर' उर्फ़ 'अब्दुल मनन' उर्फ़ 'सज्जाद' उर्फ़ 'हमज़ा' उर्फ़ 'वाहिद ख़ान' को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में जोड़ा जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 58 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"59. मोहम्मद मुसादिक उर्फ़ डॉक्टर उर्फ़ अब्दुल मनन उर्फ़ सज्जाद उर्फ़ हमज़ा उर्फ़ वाहिद ख़ान"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3624(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Mohammad Mussadiq @ Doctor @ Abdul Manan @ Sajjad @ Hamza @ Wahid Khan son of Muhammad Nawaz, 38 years of age (approx.) having present residence at Shakargarh, district Narowal, Pakistan, belongs to Jaish-E-Mohammed and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 6;

And, whereas, the said Mohammad Mussadiq is one of the main handlers of Jaish-E-Mohammed infiltration of Pakistani terrorists into Jammu and Kashmir and is involved in the attack by the terrorist of Jaish-E-Mohammad on the security forces at Sunjwan, Jammu on 22nd April, 2022;

And, whereas, the said Mohammad Mussadiq is involved in carrying out wide range of terrorist activities against the country including supplying of arms and ammunition through drones across the border, planning of terror attacks in Jammu and Kashmir and to further widen the areas of terror activities is also involved in handling a team of Jaish-E-Mohammed cyber players who use various social media platforms for recruiting youth in terrorist organisation Jaish-E-Mohammed;

And, whereas, the Central Government believes that Mohammad Mussadiq @ Doctor @ Abdul Manan @ Sajjad @ Hamza @ Wahid Khan is involved in terrorism and the said Mohammad Mussadiq @ Doctor @ Abdul Manan @ Sajjad @ Hamza @ Wahid Khan is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 58 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"59. Mohammad Mussadiq @ Doctor @ Abdul Manan @ Sajjad @ Hamza @ Wahid Khan."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3625(अ).— विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरूद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में सम्मिलित है;

और, 'मुफ्ती मोहम्मद असग़र ख़ान' उर्फ़ 'अबू साद' उर्फ़ 'साद जिमी', पुत्र नूर अहमद खान, आयु- 52 वर्ष (लगभग), जिसका वर्तमान पता अब्बासपुर, जिला पुंछ का वह भाग जो इस समय पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में है, जैश-

ए-मोहम्मद से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 6 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त मुफ्ती मुहम्मद असग़र ख़ान जम्मू और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों का लॉन्चिंग कमांडर है;

और, उक्त मुफ्ती मुहम्मद असग़र ख़ान, तारीख 29.11.2016 को जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों द्वारा जम्मू के नगरोटा स्थित भारतीय सेना शिविर पर किए गए हमले के सूत्रधारों में से एक था;

और, उक्त मुफ्ती मुहम्मद असग़र ख़ान आतंकवादियों को प्रशिक्षण, धन और अन्य रसद प्रदान करने सहित देश के विरुद्ध व्यापक आतंकवादी क्रियाकलापों को अंजाम देने में सम्मिलित है;

और, उक्त मुफ्ती मोहम्मद असग़र ख़ान देश में विभिन्न आतंकी हमलों में सम्मिलित रहा है और इन आतंकवादी घटनाओं में कई व्यक्तियों की मृत्यु और उन्हे घायल करने के लिए उत्तरदायी है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि 'मुफ्ती मोहम्मद असग़र ख़ान' उर्फ़ 'अबू साद' उर्फ़ 'साद जिमी' आतंकवाद में सम्मिलित है और उक्त 'मुफ्ती मोहम्मद असग़र ख़ान' उर्फ़ 'अबू साद' उर्फ़ 'साद जिमी' को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में जोड़ा जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 59 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"60. मुफ्ती मोहम्मद असग़र ख़ान उर्फ़ अबू साद उर्फ़ साद जिमी"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3625(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, the said Mufti Muhammad Asghar Khan @ Abu Saad @ Saad Jimi son of Noor Ahmed Khan, 52 years of age (approx.) having present residence at Abbaspur, a part of district Poonch, which is currently in Pakistan Occupied Jammu and Kashmir, belongs to Jaish-E-Mohammed and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 6;

And, whereas, the said Mufti Muhammad Asghar Khan is a launching commander of terrorists of Jaish-E-Mohammed in Jammu and Kashmir;

And, whereas, the said Mufti Muhammad Asghar Khan was one of the masterminds of the attack on the Indian Army Camp at Nagrota, Jammu by the terrorists of Jaish-E-Mohammad on 29th November, 2016;

And, whereas, the said Mufti Muhammad Asghar Khan is involved in carrying out wide range of terrorist activities against the country including providing training, funds and other logistics to terrorists;

And, whereas, the said Mufti Muhammad Asghar Khan has been involved in various terror attacks in the country and responsible for causing death and injuries to a number of persons in these terror incidents;

And, whereas, the Central Government believes that Mufti Muhammad Asghar Khan @ Abu Saad @ Saad Jimi is involved in terrorism and the said Mufti Muhammad Asghar Khan @ Abu Saad @ Saad Jimi is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 59 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"60. Mufti Muhammad Asghar Khan @ Abu Saad @ Saad Jimi."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3626(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में सम्मिलित है;

और, 'हाफ़िज़ अब्दुल शकूर' उर्फ़ 'क़ारी जर्रार', पुत्र सूफी अब्दुल करीम, आयु- 56 वर्ष (लगभग) जिसका स्थाई पता कराची, रावलपिंडी, पकिस्तान और वर्तमान पता कोटली, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में है, जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 6 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त हाफ़िज़ अब्दुल शकूर जम्मू और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों का लॉन्चिंग कमांडर है;

और, उक्त हाफ़िज़ अब्दुल शकूर, जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों द्वारा तारीख 29.11.2016 को जम्मू के नगरोटा स्थित भारतीय सेना शिविर पर किए गए हमले में सम्मिलित है;

और, उक्त हाफ़िज़ अब्दुल शकूर देश के खिलाफ व्यापक स्तर पर आतंकवादी क्रियाकलापों को अंजाम देने में सम्मिलित है, जैसे की जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों की भर्ती, प्रशिक्षण, प्रेरणा, जम्मू और कश्मीर में घुसपैठ और आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए जम्मू और कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराना;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि 'हाफ़िज़ अब्दुल शकूर' उर्फ़ 'क़ारी जर्रार' आतंकवाद में सम्मिलित है और उक्त 'हाफ़िज़ अब्दुल शकूर' उर्फ़ 'क़ारी जर्रार' को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में जोड़ा जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 60 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"61. हाफ़िज़ अब्दुल शकूर उर्फ़ क़ारी ज़र्रार"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3626(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Hafiz Abdul Shakoor @ Qari Zarrar son of Sufi Abdul Karim, 56 years of age (approx.) having permanent address at Karachi, Rawalpindi, Pakistan and present residence at Kotli in Pakistan Occupied Jammu and Kashmir, belongs to Jaish-E-Mohammed, and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 6;

And, whereas, the said Hafiz Abdul Shakoor is a launching commander of terrorists of Jaish-E-Mohammed in Jammu and Kashmir;

And, whereas, the said Hafiz Abdul Shakoor is involved in the attack by the terrorists of Jaish-E-Mohammad on the Indian Army Camp at Nagrota, Jammu on 29th November, 2016;

And, whereas, Hafiz Abdul Shakoor is involved in carrying out wide range of terrorist activities against the country namely recruitment, training, motivating, infiltrating Jaish-e-Mohammed cadres into Jammu and Kashmir and providing arms and ammunition to the active terrorists in Jammu and Kashmir for carrying out terror attacks;

And, whereas, the Central Government believes that Hafiz Abdul Shakoor @ Qari Zarrar is involved in terrorism and the said Hafiz Abdul Shakoor @ Qari Zarrar is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 60 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"61. Hafiz Abdul Shakoor @ Qari Zarrar."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3627(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में सम्मिलित है;

और, 'अब्दुल्ला जेहादी' उर्फ़ 'शाहनवाज़' उर्फ़ 'अल हिजामा पुत्र मोहम्मद इकबाल ख़ान, आयु- 47 वर्ष (लगभग) जिसका वर्तमान पता कुंडलशाही, जिला नीलम, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में है, जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 6 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त अब्दुल्ला जेहादी जम्मू और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों को सुविधा प्रदान करने/ लॉन्च करने में सम्मिलित है;

और, उक्त अब्दुल्ला जेहादी तारीख 29.11.2016 को जम्मू के नगरोटा स्थित भारतीय सेना शिविर पर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में सम्मिलित है;

और, उक्त अब्दुल्ला जेहादी देश के विरुद्ध कई प्रकार की आतंकवादी क्रियाकलापों को अंजाम देने में सम्मिलित है, जिसमे जैश-ए-मोहम्मद के कई शिविरों को चलाना और देश में आतंकवादी हमलों की योजना बनाना सम्मिलित है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि 'अब्दुल्ला जेहादी' उर्फ़ 'शाहनवाज़' उर्फ़ 'अल हिजामा आतंकवाद में सम्मिलित है और उक्त 'अब्दुल्ला जेहादी' उर्फ़ 'शाहनवाज़' उर्फ़ 'अल हिजामा को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में जोड़ा जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 61 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"62. अब्दुल्ला जेहादी उर्फ़ शाहनवाज़ उर्फ़ अल हिजामा"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3627(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Abdullah Jehadi @ Shah Nawaz @ Al Hijama son of Muhammad Iqbal Khan, 47 years of age (approx.) having present residence at Kundalshahi, district Neelum in Pakistan Occupied Jammu and Kashmir, belongs to Jaish-E-Mohammed and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 6;

And, whereas, the said Abdullah Jehadi is involved in facilitating/ launching of Jaish-E-Mohammed terrorists in Jammu and Kashmir;

And, whereas, the said Abdullah Jehadi is involved in the attack by the terrorists of Jaish-E-Muhammed on the Indian Army camp at Nagrota, Jammu on 29th November, 2016;

And, whereas, the said Abdullah Jehadi is involved in carrying out a wide range of terrorist activities against the country including handling multiple camps of Jaish-E-Mohammed and orchestrating terror attacks in the country;

And, whereas, the Central Government believes that Abdullah Jehadi @ Shah Nawaz @ Al Hijama is involved in terrorism and the said Abdullah Jehadi @ Shah Nawaz @ Al Hijama is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 61 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"62. Abdullah Jehadi @ Shah Nawaz @ Al Hijama."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3628(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में सम्मिलित है;

और, 'फिरदौस अहमद भट' पुत्र अब्दुल सलाम भट (मृत) तथा सलीमा बानो, आयु- 33 वर्ष (लगभग) जिसका स्थाई पता- मकान संख्या 26, गाँव ठोकरपुरा, कैमोह, कुलगाम, जम्मू और कश्मीर तथा वर्तमान पता पाकिस्तान में है, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 5 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त फिरदौस अहमद भट लश्कर-ए- तैयबा के आतंकवादियों का लॉन्चिंग कमांडर है और देश के विरुद्ध व्यापक स्तर पर आतंकवादी क्रियाकलापों को अंजाम देने में सम्मिलित है, जिसमे हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति, विदेशी आतंकवादियों के लिए सीमा पार से भारत में सुरक्षित मार्ग का प्रबंधन करना सम्मिलित है;

और, उक्त फिरदौस अहमद भट देश में आतंकवादी हमलों में भी सम्मिलित रहा है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि फिरदौस अहमद भट आतंकवाद में सम्मिलित है और उक्त फिरदौस अहमद भट को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में जोड़ा जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 62 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"63. फिरदौस अहमद भट"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3628(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Firdous Ahmad Bhat son of Late Abdul Salam Bhat and Saleema Bano, 33 years of age (approx.) having present residence in Pakistan, belongs to Lashkar-e-Taiba and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 5;

And, whereas, the said Firdous Ahmad Bhat is a launching commander of terrorists of Lashkar-e-Taiba in Jammu and Kashmir and is involved in carrying out wide range of terrorist activities including supplying of arms and ammunition, managing safe passage for foreign terrorists across the border into India;

And, whereas, the said Firdous Ahmad Bhat has also been involved in terror attacks in the country;

And, whereas, the Central Government believes that Firdous Ahmad Bhat is involved in terrorism and the said Firdous Ahmad Bhat is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 62 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:

"63. Firdous Ahmad Bhat."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3629(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में संलिप्त है;

और, 'गुलाम फरीद' उर्फ़ 'गुलशन कुमार' उर्फ़ 'फरीद' पुत्र मो. शफ़ी जाट, उम्र 42 वर्ष (लगभग), जिसका पता बैडिंग, भिम्बेर, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में है, जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 6 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त 'गुलाम फरीद' उर्फ़ 'गुलशन कुमार' उर्फ़ 'फरीद' देश में आतंकी क्रियाकलाप कार्यान्वित करने के आशय से, देश में विधिविरुद्ध निर्वासन तथा अन्य आतंकियों को हथियार एवं गोला बारूद उपलब्ध कराने में संलिप्त है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि 'गुलाम फरीद' उर्फ़ 'गुलशन कुमार' उर्फ़ 'फरीद' आतंकवाद में संलिप्त है और उक्त 'गुलाम फरीद' उर्फ़ 'गुलशन कुमार' उर्फ़ 'फरीद' को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 63 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"64. गुलाम फरीद @ गुलशन कुमार @ फरीद"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3629(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Ghulam Fareed @ Gulshan Kumar @ Fareed s/o Mohd. Shafi Jat, 42 years of age (approx.), having present residence at Bading, Bimber, in Pakistan Occupied Jammu and Kashmir, belongs to Jaish-E-Mohammed and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 6;

And, whereas, the said Ghulam Farid @ Gulshan Kumar @ Farid is involved in unlawful exile in the country and providing arms and ammunition to other terrorists with the intention of carrying out terrorist activities in the country;

And, whereas, the Central Government believes that Ghulam Fareed @ Gulshan Kumar @ Fareed is involved in terrorism and the said Ghulam Fareed @ Gulshan Kumar @ Fareed is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 63 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"64. Ghulam Fareed @ Gulshan Kumar @ Fareed."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3630(अ).— विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में संलिप्त है;

और, 'हारून राशिद गनाई' उर्फ़ 'शुनू' पुत्र अब्दुल राशिद गनाई, उम्र 36 वर्ष (लगभग), जिसका पता हसनपोरा तवेला, बिजबेहरा, अनंतनाग, जम्मू और कश्मीर है और जो वर्तमान में पाकिस्तान में निवास कर रहा है, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 5 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त 'हारून राशिद गनाई' उर्फ़ 'शुनू' देश में आतंकी क्रियाकलाप कार्यान्वयित करने के आशय से, देश में हथियार, गोला-बारूद आदि भेजने तथा युवाओं को आतंकवादी काडरों में भर्ती करने में संलिप्त है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि 'हारून राशिद गनाई' उर्फ़ 'शुनू' आतंकवाद में संलिप्त है और उक्त 'हारून राशिद गनाई' उर्फ़ 'शुनू' को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाना है;

और, अब, केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 64 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"65. हारून राशिद गनाई @ शुनू"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

## NOTIFICATION

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3630(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Haroon Rashid Ganai @ Shunoo s/o Abdul Rashid Ganai, 36 years of age (approx.), having residence at Hassanpora Tawela, Bijbehara, Anantnag, Jammu and Kashmir and presently residing in Pakistan, belongs to Lashkar-e-Taiba and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 5;

And, whereas, the said Haroon Rashid Ganai @ Shunoo is engaged in sending arms, ammunition etc to the country and recruiting youths into terrorist cadres with the intention of carrying out terrorist activities in the country;

And, whereas, the Central Government believes that Haroon Rashid Ganai @ Shunoo is involved in terrorism and the said Haroon Rashid Ganai @ Shunoo is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 64 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"65. Haroon Rashid Ganai @ Shunoo."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

**का.आ. 3631(अ).**— विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में संलिप्त है;

और, 'बिलाल अहमद मीर' उर्फ़ 'अहमद भाई' पुत्र मोहम्मद हम्जा मीर, उम्र 27 वर्ष (लगभग), जिसका पता गिरपोरा, बराठ कलां, सोपोर, जम्मू और कश्मीर में है तथा वर्तमान में मुजफ्फराबाद, पकिस्तान अधिकृत कश्मीर में निवास कर रहा है, लश्कर-ए-तैयबा तथा द रेजिस्टेंस फ्रंट से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 5 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त 'बिलाल अहमद मीर' उर्फ़ 'अहमद भाई' देश में आतंकी क्रियाकलाप कार्यान्वयित करने के आशय से, देश में हथियार एवं गोल बारूद की आपूर्ति करने तथा सीमा पार से आतंकी क्रियाकलापों को अंजाम देने के षड्यन्त्र में संलिप्त है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि 'बिलाल अहमद मीर' उर्फ़ 'अहमद भाई' आतंकवाद में संलिप्त है और उक्त 'बिलाल अहमद मीर' उर्फ़ 'अहमद भाई' को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाना है;

और, अब, केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 65 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"66. बिलाल अहमद मीर उर्फ़ अहमद भाई"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3631(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Bilal Ahmad Mir @ Ahmad Bhai s/o Mohd. Hamza Mir, 27 years of age (approx.), having residence at Mirpora, Brath Kalan, Sopore, Jammu and Kashmir and presently residing at Muzaffarabad, Pakistan Occupied Kashmir, belongs to Lashkar-e-Taiba and and The Resistance Front and which are listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 5;

And, whereas, the said Bilal Ahmad Mir @ Ahmad Bhai, is involved in a conspiracy to carry out terrorist activities from across the border, supply arms and ammunition in the country with the intention of carrying out terrorist activities in the country;

And, whereas, the Central Government believes that Bilal Ahmad Mir @ Ahmad Bhai is involved in terrorism and the said Bilal Ahmad Mir @ Ahmad Bhai is to be added as a terrorist in the Fourth Schedule to the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 65 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"66. Bilal Ahmad Mir @ Ahmad Bhai."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3632(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में संलिप्त है;

और, आबिद कयूम लोन पुत्र अब्दुल कयूम लोन, उम्र 27 वर्ष (लगभग) जिसका पता वुसन खोई, तहसील पट्टन, जिला बारामूला, जम्मू और कश्मीर है तथा वर्तमान में पकिस्तान अधिकृत कश्मीर में निवास कर रहा है, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 5 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त आबिद कयूम लोन देश में आतंकी क्रियाकलाप कार्यान्वित करने के आशय से, आतंकी क्रियाकलापों की योजना और समन्वय करने, निधि संगृहित करने तथा आतंकी लॉजिस्टिक्स मुहैया करने में संलिप्त है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि आबिद कयूम लोन आतंकवाद में संलिप्त है और उक्त आबिद कयूम लोन को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 66 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"67. आबिद कयूम लोन"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3632(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Abid Quyoom Lone s/o Abdul Qayoom Lone, 27 years of age (approx.) having residence at Wussan Khoi, Tehsil Pattan, District- Baramulla, Jammu and Kashmir and presently residing at Pakistan occupied Kashmir, belongs to Lashkar-e-Taiba and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 5;

And, whereas, the said Abid Qayoom Lone is involved in planning and coordinating terrorist activities, collecting funds and providing terrorist logistics with the intention of carrying out terrorist activities in the country;

And, whereas, the Central Government believes that Abid Qayoom Lone is involved in terrorism and the said Abid Qayoom Lone is to be designated as a terrorist in the Fourth Schedule of the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 66 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"67. Abid Quyoom Lone."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3633(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में संलिप्त है;

और, नजीर अहमद गुज्जर उर्फ़ मुनाज़िल पुत्र लाल दीन, उम्र 38 वर्ष (लगभग) जिसका पता ग्राम गुज्जर बस्ती, तहसील-बागला भारथ, पीएस/ जिला डोडा, जम्मू और कश्मीर है तथा वर्तमान में इस्लामाबाद, पाकिस्तान में निवास कर रहा है, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 5 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त नजीर अहमद गुज्जर उर्फ़ मुनाज़िल देश में आतंकी क्रियाकलाप कार्यान्वित करने के आशय से, ड्रोन का उपयोग करके हथियारों और गोला-बारूदों की खेप भेजने में संलिप्त रहा है तथा युवाओं को लश्कर-ए- तैयबा में भर्ती होने को प्रेरित करता रहा है;

और, केन्द्रीय सरकार का यह विश्वास है कि नजीर अहमद गुज्जर उर्फ़ मुनाज़िल आतंकवाद में संलिप्त है और उक्त नजीर अहमद गुज्जर उर्फ़ मुनाज़िल को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में एक आतंकवादी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाना है;

और, अब केन्द्रीय सरकार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:

उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में, क्रम संख्यांक 67 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अन्त: स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"68. नजीर अहमद गुज्जर उर्फ़ मुनाज़िल"।

[फा. सं. 11034/11/2025-सी.टी.-I]

राकेश राठी, संयुक्त सचिव

## NOTIFICATION

New Delhi, the 4th July, 2026

**S.O. 3633(E).**— Whereas, the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) (hereinafter referred to as the said Act) has been enacted to provide for more effective prevention of certain unlawful activities of individuals and associations and for dealing with terrorist activities and for matters connected therewith;

And, whereas, clause (a) of sub-section (1) and sub-section (2) of section 35 of the said Act empowers the Central Government to add the name of an individual in the Fourth Schedule to the said Act, if it believes that individual is involved in terrorism;

And, whereas, Nazir Ahmed Gujjar @ Munazil s/o Lal Din, 38 years of age (approx.) having residence at Village Gujjar Basti, Tehsil-Bagla Bharath, PS/District Doda, Jammu and Kashmir and presently residing at Islamabad, Pakistan, belongs to Lashkar-e-Taiba and which is listed as a terrorist organisation under the First Schedule to the said Act at serial number 5;

And, whereas, the said Nazir Ahmad Gujjar alias Munazil has remained indulged in sending arms and ammunition consignments using drones and instigating the youth to join Lashkar-e-Taiba with the intention of carrying out terrorist activities in the country;

And, whereas, the Central Government believes that Nazir Ahmed Gujjar @ Munazil is involved in terrorism and the said Nazir Ahmed Gujjar @ Munazil is to be designated as a terrorist in the Fourth Schedule of the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 35 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the Central Government hereby makes the following amendment in the Fourth Schedule to the said Act, namely:-

In the Fourth Schedule to the said Act, after serial number 67 and entries relating thereto, the following serial number and entry shall be inserted, namely:-

"68. Nazir Ahmed Gujjar @ Munazil."

[F. No. 11034/11/2025-CT-I]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जुलाई, 2026

का.आ. 3634(अ).— विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) को, व्यष्टियों और संगमों के कतिपय विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण करने तथा आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया है;

और, उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) का खंड (क) और उपधारा (2), केन्द्रीय सरकार को उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में किसी व्यष्टि के नाम को जोड़ने के लिए सशक्त करती है, यदि उसका यह विश्वास है कि वह आतंकवाद में संलिप्त है;

और, अब्दुल रऊफ उर्फ़ हाफिज अब्दुल रऊफ उर्फ़ हाफिज अब्दुल रौफ उर्फ़ हाफिज अब्दुर रौफ पुत्र अख्तर हुसैन, उम्र 52 वर्ष (लगभग) जिसका पता कमरा सं. 7, 4 लेक रोड, चोबुर्जी, लाहौर, पाकिस्तान है, लश्कर-ए-तैयबा तथा जमात-उद-दावा से संबंध रखता है और जो कि उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची की क्रम संख्यांक 5 के अधीन आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है;

और, उक्त अब्दुल रऊफ उर्फ़ हाफिज अब्दुल रऊफ उर्फ़ हाफिज अब्दुल रौफ उर्फ़ हाफिज अब्दुर रौफ देश में आतंकी क्रियाकलाप कार्यान्वियत करने के आशय से, आतंकी क्रियाकलापों की योजना और समन्वय करने, निधि संगृहित करने में संलिप्त है तथा आतंकी हाफ़िज़ मोहम्मद सईद के सीधी कमान के अधीन आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक मुख्य आतंकी है;

